MR/VIP/.....27........./2020

पीयूष गोयल
PIYUSH GOYAL

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री,
भारत सरकार
Minister of
Railways and Commerce & Industry
Government of India

सत्यमेव जयते

दिनांक 10 नवम्बर, 2020

प्रिय श्री नाइक जी,

कोविड-19 महामारी से न सिर्फ भारतवर्ष बल्कि पूरा विश्व प्रभावित हुआ है। इस कठिन परिस्थिति में देश ने विकट समस्याओं का सामना करते हुए जिस मजबूती के साथ कोरोना के खिलाफ संघर्ष किया है उसमें सभी भारतीयों का योगदान महत्वपूर्ण और सराहनीय है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समयबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण और कठोर कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत में कोविड-19 से होने वाली मृत्यु दर में लगातार कमी आ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सार्थक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, कोविड-19 के खिलाफ जंग में भारत की अहम भूमिका की सराहना की है।

मुझे आपके द्वारा संचालित आर॰एस॰एस॰ जन कल्याण समिति द्वारा कोविड-19 के दौरान जनसेवा के प्रयासों के बारे में अवगत कराया गया। आपके द्वारा वितरित किए गए मास्क्स, राशन किट और भोजन पैकेट ने कई जरूरतमंद नागरिकों की इस कठिन परिस्थितियों में सहायता प्रदान की।

आपके कार्यों से स्वयंसेवक शब्द सार्थक सिद्ध होता है। बचपन से ही हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर चलने वालों के भागीरथ कार्यों को देख रहे हैं। भारत माता आश्वस्त हैं की उनकी परम भक्त स्वयंसेवक और सेविकाएँ हर विपदा और संकट से लड़ने के लिए आगे खड़े मिलेंगे।

इन सभी कार्यों के लिए देश और समाज ऋणी रहेगा। इसके लिए मैं आपके और संगठन के प्रत्येक सदस्य को धन्यवाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि आपके कार्यों से प्रेरणा लेकर अन्य देशवासी भी अपना योगदान देंगे। समाज सेवा के इन प्रयासों हेतु मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूं, और भविष्य में भी सफलता की कामना करता हूँ।

आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामनाओं सहित,

सादर,

पीयूष गोयल

**पीयूष गोयल**

**श्री तुकाराम नाइक**
आर॰एस॰एस॰ जन कल्याण समिति
भगेश्वर निवास,
1609, सदाशिव पेठ
पुणे – 411030.